28/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

देश के सभी विश्वविद्यालय शिक्षा सत्र 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अलग अलग प्रवेश परीक्षाओं के बदले एनईटी स्कोर का उपयोग करेगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि शिक्षा सत्र 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए विभिन्न शिक्षा संस्थानों द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा -एनईटी स्कोर का उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जून 2024 सत्र के लिए एनईटी आवेदन प्रक्रिया की जानकारी अगले सप्ताह उपलब्ध हो जाने की आशा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी इस पर काम रही है।

0000000000000000000000

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। इस चरण में 12 राज्यों की अट्ठासी लोकसभा सीटों, केन्द्रशासित प्रदेशों और बाहरी मणिपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष भागों में चुनाव कराया जाएगा। बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र के एक भाग में इस चरण में मतदान कराया जाएगा। पहले चरण में केरल की 20, कर्नाटक की चौदह, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में 8-8, मध्य प्रदेश में 7 और असम और बिहार में 5-5 सीटों के लिए मतदान होगा। इसी चरण में पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ की 3-3 सीटों और मणिपुर, त्रिपुरा, और जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट के लिए मतदान होगा। नामांकन 4 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं और 26 अप्रैल को मतदान होगा।

जम्मू-कश्मीर को छोडकर सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में नामांकन-पत्रों की जांच 5 अप्रैल और जम्मू-कश्मीर में नामांकन-पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जाएगी।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में एक साथ होने वाले दो लोकसभा और 60 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अवधि कल समाप्त हो गई। दोनों संसदीय सीटों के लिए 15 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। अरुणाचल पश्चिम सीट के लिए तीन राजनीतिक दलों और पांच निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। अरुणाचल ईस्ट सीट के लिए कुल सात नामांकन दाखिल किए गये जिनमें से तीन राजनीतिक दलों के और चार स्वतंत्र उम्मीदवार हैं। विधानसभा की साठ सीटों के लिए एक सौ सत्तानवे उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बताया कि पांच विधानसभा क्षेत्र मुकतो, सागाली, ताली, तलिका और रोइंग में सिर्फ एक-एक नामांकन ही प्राप्त हुआ है। इन पांचों विधानसभा सीटों पर नामांकन दाखिल करने वाले सभी उम्मीदवार भाजपा से हैं। इनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू, तेची रोटू, जिक्के ताको, न्यातो दुकम और मुचू मिथी शामिल हैं।

0000000000000000000000

16वीं याचुली और 17वीं हापोली विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर डीईओ विवेक एच.पी., आईएएस ने बताया कि अब तक लोअर सुबनसिरी और केई पन्योर जिलों में तेरह सौ चौतीस या 55% शस्त्र जमा हो चुके हैं।

दोनो जिलों में 100% शस्त्र जमा सुनिश्चित करना है इसलिए, शस्त्र जमा करने की समय सीमा कुछ और दिनों के लिए बढ़ाई जाएगी और सभी लाइसेंस धारकों से अपील की गई है कि वे अपने शस्त्र अपने नजदीकी पुलिस स्टेशनों में जमा करें अन्यथा उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे।

0000000000000000000000

अग्निवीर योजना के माध्यम से अधिक युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, अंजाव जिले में तैनात भारतीय सेना ने हायुलियांग में एक सप्ताह तक चलने वाला ऑनलाइन पंजीकरण हेल्प डेस्क स्थापित किया था, जो इस महीने बाईस मार्च को समाप्त हुआ। हेल्प डेस्क ने आगामी अग्निवीर भर्ती रैली के लिए 20 स्थानीय लड़कों को सफल ऑनलाइन पंजीकरण में सहायता की। भारतीय सेना इस महीने सत्ताईस मार्च से एक महीने का प्रारंभिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित कर रही है, जिसमें उम्मीदवारों को भर्ती रैली के लिए संभावित उम्मीदवारों को तैयार करने की दिशा में शारीरिक और सैद्धांतिक कक्षाओं जैसे विभिन्न कौशल परीक्षणों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य उम्मीदवारों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना और उन्हें सुरक्षित भविष्य के लिए अपेक्षित क्षमता और योग्यता हासिल करने का अवसर और प्रदर्शन प्रदान करना है।

0000000000000000000000

सेंट क्लैरेट कॉलेज जीरो के चुनावी साक्षरता क्लब ने शिक्षा विभाग और एनएसएस इकाई के सहयोग से बुधवार को 'मतदान अधिकार पर जागरूकता' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। नाटक में वोट डालने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया, जिसमें नोटा विकल्प, प्रॉक्सी वोटिंग और अन्य शामिल हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अभिनव गीतों, एक्शन और संवादों की मदद से नाटक ने चुनावों में शामिल धन संस्कृति पर चुप्पी तोड़ने की जरूरत पर जोर दिया और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की वकालत की।

0000000000000000000000

मंगलवार को नाहरलागुन पुलिस की एक टीम ने अपने 'Operation Dawn' के तहत विभिन्न स्थानों से तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान इक्कीस वर्षीय पुनी मोसांग, इकतीस वर्षीय कादुम योमसो और उन्नीस वर्षीय रैई जॉन के रूप में हुई है। पुलिस ने 50 शीशियों और एक पॉलीथिन पैकेट को जब्त किया जिसमें संदिग्ध प्रतिबंधित दवा (हेरोइन) थी जिसका वजन लगभग छिहत्तर दशमलव आठ ग्राम था। इसके अतिरिक्त, उनके कब्जे से एक सौ सत्रह खाली शीशियां जब्त की गईं।